संक्षिप्त

पुष्पा शर्मा का जेएलओ पद पर चयन

पुष्पा शर्मा

टोंक, (निसं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा कनिष्ठ विधि अधिकारी परीक्षा 2023 का परिणाम साक्षात्कार के पश्चात अंतिम रूप से घोषित किया गया। जिसमे जिला अभिभाषक संघ टोंक की सम्मानित सदस्य पुष्पा शर्मा धर्मपत्नी डॉ. अभिषेक शर्मा (पूर्व सचिव) का अंतिम रूप से चयन कनिष्ठ विधि अधिकारी पद पर हुआ। एडवोकेट पुष्पा शर्मा कनिष्ठ विधि अधिकारी पद पर चयनित होने वाली एकमात्र महिला अभ्यर्थी हैं। पुष्पा शर्मा के कनिष्ठ विधि अधिकारी पद पर चयनित होने की खबर से अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई तथा संघ ने मिठाई बताकर खुशी मनाई।

छात्राओं ने किया नाम रोशन

दूदू, (निसं)। जिला मुख्यालय पर संचालित स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल की छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड के द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में दसवीं-बारहवीं बोर्ड में क्षेत्र एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्या डॉ रेखा यादव ने बताया कि कक्षा 10 में पायल खाती ने 93 पॉइंट 20 प्रतिशत, कक्षा 12 में नीतू प्रजापत ने 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए कक्षा दसवीं की राधिका शर्मा ने 91.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अभिभावकों, विद्यालय एवं शिक्षकों का नाम रोशन किया है।

कैलाश ब्रह्म भट्ट को मातृशोक

दूदू, (निसं)। जिला पत्रकार संघ के प्रतिनिधि कैलाश ब्रह्म भट्ट फागी की माता जी के निधन पर पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया। माता जी कमला देवी के के निधन पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र पंडित, महामंत्री रमाकांत शर्मा, राकेश सोढानी पवन खन्ना विजय मीणा सत्यनारायण कुमावत कमलेश शर्मा मुकेश गाडे गालियां राधेश्याम रियाड राधा मोहन शर्मा महेंद्र सिरोलिया शकील अहमद जितेंद्र कुमार महंत भगवानदास शर्मा सतीश भारद्वाज सहित क्षेत्र के सभी पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया।

कपिल खांडल सदस्य मनोनीत

दूदू, (निसं)। विप्र फाउंडेशन परिवार के प्रदेश युवा अध्यक्ष कपिल खांडल चोटिया को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। चोटिया को मनोनीत किए पर जाने पर उप मुख्यमंत्री डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा, फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत, ब्राह्मण समाज दूंदू के अध्यक्ष महेश चंद्र शर्मा उपसभापति अमित जोशी महामंत्री ओम शंकर शर्मा मोहनलाल शर्मा बजरंग लाल शर्मा महेंद्र पंडित दीनदयाल शर्मा कैलाश शर्मा प्रहलाद शर्मा सहित समाज बंधुओं ने खुशी जाहिर की है।

धार्मिक शिक्षण संस्कार शिविर

टोंक, (निसं)। दिगम्बर जैन महासमिति टोंक इकाई की अध्यक्ष सरोज बंसल ने बताया कि दिगम्बर जैन महासमिति अंचल, महिला अंचल एवं टोंक संभाग के तत्त्वाधान में पुरानी टोंक इकाई, हाउसिंग बोर्ड इकाई, पटेल सर्किल इकाई, काफला मन्दिर इकाई, बडा मंन्दिर इकाई, आदर्श नगर मंदिर इकाई में ''धार्मिक शिक्षण संस्कार शिविर'' आयोजित किये जावेगे। दिनांक 15 मई से 22 मई 2024 तक धार्मिक शिक्षण संस्कार शिविर का आयोजन होगा, जिसका समय सांयकाल 7 से 8 बजे तक का होगा। कल दिनांक 15 मई2024 को धार्मिक शिक्षण संस्कार शिविर का शुभारम्भ किया जावेगा।

दो घंटे बिजली बंद रहेगी

निवाई, (निसं)। शहर में बुधवार को 2 घंटे बिजली बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता शहर प्रथम लक्की गोठवाल ने बताया कि रेलवे स्टेशन व रिको से निकलने वाली 11 केवी फीडर निवाई व वेयर हाऊस पर मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिसके चलते सुबह 7 से 9 बजे तक बापूनगर, श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर, हरिओम नगर, काली का बाग रोड, ईन्दिरा विस्तार कॉलोनी, लक्ष्मीनाथजी के मंदिर के आस-पास, बस -स्टेण्ड, पटेल रोड, हनुमान नगर व जमात सहित आसपास के क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी।

ससुराल पक्ष को आमंत्रण देने जा रहे पल्लेदार की सड़क हादसे में मौत

- जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे पर चांदसेन मोड के पास हुआ हादसा

मालपुरा, (निसं)। जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे पर चांदसेन मोड के पास मंगलवार को दो बाइकों में हुई भिंडत मे बेटे की शादी के लिये ससुराल पक्ष को आमंत्रण देने जा रहे मंडी पल्लेदार की दर्दनाक मौत से घर में शादी की खुशियां चंद पलो में मातम मे बदल गई।

सूचना से महिलाओं द्वारा गाये जा रहे मंगल गीत चींख-पुकार मे बदल गये। मिली जानकारी मे सामने आया कि मालपुरा शहर की जयपुर रोड हाउसिंग बोर्ड आवासीय कॉलोनी निवासी मंडी पल्लेदार बाबूलाल वर्मा पुत्र रामलाल ठागरिया के बेटे राजेश की 23 मई को होने वाली शादी मे शामिल होने के लिये बाबूलाल अपनी पत्नि के साथ मोटरसाईकिल से अपने ससुराल लोहरवाडा आमंत्रण देने जा रहे थे। इसी दौरान जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे पर चांदसेन मोड के पास सामने से आ रही बाईक से जोरदार भिंडत हो गई। दोनो बाईको मे हुई भिंडत मे चालक बाबूलाल व सामने से आकर भिडी बाईक चालक कमलेश जाट पुत्र दीनदयाल जाट निवासी माधोराजपुरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बाबूलाल के पीछे बैठी उसकी पत्नि बाईको की भिंडत के दौरान उछलकर दूर जा गिरी। जिसके मामूली चोटे आई। सुचना मिलने पर पहुंची 108 एम्बूलेंस की सहायता से तीनों को मालपुरा अस्पताल लाया गया जहां स्वास्थ्य परीक्षण के बाद चिकित्सको ने बाबूलाल को मृत घौषित कर दिया तथा गंभीर घायल कमलेश जाट को जयपुर रैफर किया। इसी प्रकार निमेडा के पास दो बाईको मे हुई जोरदार भिंडत से तीन जने गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में शामिल महिला ने अपना नाम विष्णु कंवर बताते हुये टोडारायसिंह क्षैत्र से जयपुर की और जाने की जानकारी दे वो भी अचेत हो गई। एम्बूलेंस की सहायता से तीनो को फागी अस्पताल पहुंचाया गया।

घायलों का चिकित्सक ने उपचार किया।

हाई-स्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षाफल शत-प्रतिशत आने पर आचार्यकुलम् में हर्षोल्लास

- आचार्यकुलम् में पांच दिवसीय 'प्रतिभा अभिनंदन पर्व का आयोजन किया जाएगा : आचार्यश्री

जयपुर, (निसं)। परम पूज्य स्वामी महाराज व परमश्रद्धेय आचार्यश्री महाराज द्वारा स्थापित आवासीय विद्यालय आचार्यकुलम् में सोमवार को हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट का परीक्षाफल शत-प्रतिशत आने पर हर्षोल्लास का वातावरण रहा। प्रार्थना सभा में उपाध्यक्षा डॉ. ऋतंभरा शास्त्री ने श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का अभिनंदन किया और उन्हें मिष्ठान खिलाकर शुभाशीष प्रदान किया।

इस वर्ष हाईस्कूल में भूमि ने 97.80 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, अभिशुभ राज ने 97.40 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, अर्जुन ने 97.20 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि 96.80 व 96.40 के साथ आदर्श कुमार और प्रियांशु राज क्रमशः चतुर्थ और पंचम स्थानों पर रहे। कुल मिलाकर सभी 101 विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने के साथ ही विद्यालय का औसत 82.51 रहा। 9 विद्यार्थियों ने सभी पाँचों विषयों में -1 ग्रेड प्राप्त किए जबकि 34 विदयार्थियों ने विविध विषयों में शतांक अर्जित किए। 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 10 रही।

इस वर्ष इंटरमीडिएट के विज्ञान, मानविकी व वाणिज्य वर्ग में प्राप्तांकों का औसत क्रमशः 84.33, 91.45 व 86.60 रहा जबकि क्रमशः अवनीश, अजय नारायण एवं विदीश वर्गवार सर्वोत्तम प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर सभी 72 विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने के साथ ही विद्यालय का औसत 86.23 रहा। अजय नारायण ने 98.80 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया। 07 विद्यार्थियों ने सभी पाँचो विषयों में -1 ग्रेड प्राप्त किया जबकि 29 विद्यार्थियों ने विविध विषयों में शतांक अर्जित किए। अपने आशीर्वचन में परमपूज्य स्वामी महाराज ने कहा कि आचार्यकुलम् में विद्यार्थियों को योगबल-विद्याबल व तपोबल की त्रिवेणी से सनाथ किया जाता है। यह परीक्षाफल इसे चरितार्थ करता है। परमश्रद्धेय आचार्य महाराज ने कहा है कि गत वर्ष की भाँति पाँच दिनों तक आचार्यकुलम् में 'प्रतिभा अभिनंदन पर्व का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में आचार्यकुलम् प्रबंध समिति की उपाध्यक्षा डॉ ऋतंभरा शास्त्री (बहन जी) सहित प्राचार्या आराधना कौल ने उत्तफ़ सुअवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों समेत सभी आचार्यों व कर्मचारियों को शुभकामनाएँ देते हुए अपने आशीर्वचन प्रदान किए। इस पावन अवसर पर स्वामी अर्जुनदेव जी, स्वामी असंगदेव जी, उपप्राचार्य तापस कुमार बेरा सहित सभी आचार्यवृंद, कर्मचारीगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



जलदाय विभाग ने पाइप लाइन के लिए खोद डाली सड़क

- ऊबड़-खाबड़ सड़क होने से आमजन परेशान

पावटा, (निसं)। इन दिनों भीषण गर्मी को देखते हुए पानी का संकट दूर करने के लिए जलदाय विभाग पावटा द्वारा पाइप लाइन विस्तार व मरम्मत का-काम-कराया जा रहा है लेकिन जलदाय विभाग द्वारा किये जा रहे इस अच्छे काम के दूसरे पहलू को देखों तो लोगों के लिए मुसीबत बन रहा है।

पानी नहीं मिलने से पहले ही लोगों को समस्या से जूझना पड रहा है। गलियों में पाइप लाइन बिछाने वाले ठेकेदार खुदाई करने और पाइप लाइन डालने के बाद गलियों को ऐसे ही छोड़ रहे हैं। इससे गलियों की सड़कें पूरी तरह ऊबड-खाबड होकर लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। हर दिन गलियों में वाहन फिसल रहे हैं, लोग घायल और चोटिल हो रहे हैं। जलदाय विभाग के जेईएन दयाराम चौधरी का कहना है कि कस्बे में काम पूरा होने के बाद सडकों को ठीक कराया जाएगा जबकि लोगों का कहना है कि एक-एक वार्ड और कॉलोनी में काम पूरा किया जाना चाहिए।

आरसीसी से निर्मित कस्बे की अधिकांश गलियां ऊबड-खाबड हो गई हैं। इसलिए एक समस्या से निजात मिली तो दूसरी मुसीबत लोगों के लिए खडी हो गई। पाइप लाइन को डालने के लिए जो सडक खोदी गई थी वही लोगों के लिए मुसीबत बनती नजर आ रही है। कस्बे के वार्डो में इस सडक को खोदे जाने के बाद इसकी मरम्मत न होने से लोग काफी आक्रोश हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर सड़क जल्द से जल्द नहीं बनवाई गई तो बारिश में इस गांव के लोगों का निकलना मुश्किल हो जाएगा।

गलियों की सड़कें पूरी तरह ऊबड़-खाबड़ होकर लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं।

उपकारागृह में शिविर लगाकर कैदियों को विधिक जानकारी दी

किशनगढबास, (निसं)। उपकारागृह में जेल लीगल एड क्लीनिक के सुचारू प्रबंधन के तहत पीएलवी सूरजभान कछवाहा नें विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर विचाराधीन बंदियों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी दी। जागरूकता शिविर का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के आदेशानुसार जेल लीगल एड क्लीनिक के सुचारू प्रबंधन के तहत राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के आदेश अनुसार तालुका विधिक सेवा समिति किशनगढबास (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या -1) के निर्देशानुसार लगाया गया।

शिविर के दौरान पीएलवी सूरजभान कछवाहा द्वारा बंदियों को उनके अधिकारों के अनुसार उन्हें दी जाने वाले अधिकारों की जानकारी दी गई। विचाराधीन कैदियों को शिविर में बताया गया कि आजादी के अतिरिक्त उन्हें सभी मौलिक अधिकार प्राप्त हैं। जिसमें किसी भी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार, कैदियों को चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने का अधिकार है, यदि इसकी उपेक्षा की जाती है तो सरकार द्वारा कर्तव्य की अपेक्षा मानी जाएगी।

मुकदमे के जल्दी निपटारे का अधिकार यदि कैदी द्वारा न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा पहले ही काट चुका है तो उसे छोड देना चाहिए, विचाराधीन कैदी को जमानत का अधिकार, कैदियों को मतदान का अधिकार, कैदियों को मजदूरी अथवा वेतन का अधिकार, वकील से परामर्श का अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता का अधिकार की जानकारी सहित विचाराधीन कैदियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई। जिसके तहत अपने मित्रों एवं परिजनों से पत्र व्यवहार का अधिकार, मित्र एवं परिजनों से मिलने का अधिकार, अपने घर में होने वाली महत्वपूर्ण घटनाओं में भाग लेने का अधिकार, व्यक्तित्व विकास के लिए सास्कृतिक शिक्षा पाने का अधिकार सहित कैदियों की शिकायत का निवारण के उपाय की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान पीएलवी गुलाब शर्मा सहित उपकारागृह स्टाफ भी मौजूद रहा।

ग्रेनाईट खदान में अनियमितता की शिकायत पर एनजीटी जांच टीम ने किया निरीक्षण

- टीम ने मौजूद ग्रामीणों सहित खदान लीजधारक व शिकायत कर्ता प्रतिनिधियों के लिये बयान

मालपुरा, (निस) उपखण्ड क्षेत्र की सिंधोलिया ग्राम पंचायत में बने प्राचीन सिंधोलिया माता मंदिर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर बीते आठ महिनों से चल रही ग्रेनाईट खदान में अनियमित्ता तथा पर्यावरण को हो रहे भारी नुकसान जैसी मिली शिकायत पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल प्रिंसीपल ब्रांच एनजीटी दिल्ली के निर्देशों पर गठित टीम ने मंगलवार को ग्रेनाईट खदान पर पहुंची। जहां सभी पहलुओं पर बारीकी से निरीक्षण कर मौका रिपोर्ट तैयार करते हुये मौके पर मौजूद खदान लीज धारक सहित दो गुटों में बंटे ग्रामीणों के दोनों पक्ष व शिकायतकर्ता प्रतिनिधियों के बयान ले उनका पक्ष जाना।

एनजीटी कार्यालय दिल्ली के निर्देशो पर गठित टीम ने शामिल क्षैत्रिय अधिकारी एकीकृत कार्यालय वन पर्यावरण एवं जलवायू परिर्वतन मंत्रालय भोपाल के प्रतिनिधि, केन्द्रीय प्रदुषण नियंत्रण मंडल सदस्य सचिव प्रतिनिधि, राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मंडल सदस्य सचिव प्रतिनिधि व टोंक जिला कलेक्टर प्रतिनिधि मालपुरा एसडीएम अमित चौधरी राजस्व टीम के साथ ग्रेनाईट खदान पहुंची। खदान के निरीक्षण के दौरान मौके पर जमा ग्रामीणों ने टीम को अवगत करवाया कि माताजी मंदिर के पास लगभग सवा सात सो बीघा जमीन जो कि मवेशियों के लिये ग्रामीण उपयोग मे ले रहे थे। उक्त क्षेत्र में प्राचीन व ऐतिहासिक उंचे-उंचे पहाड तथा घना जंगल था। वर्ष 1979 ठाकुर घराने के लोगों द्वारा उक्त जमीन का नामान्तरण स्वंय के नाम खुलवा लिया। जिस पर चल रही ग्रेनाईट खदान मे अंधाधुंध ब्लास्टिंग करने से मंदिर मे आने वाले श्रद्धालूओं व यात्रियो को चोटिल होना पड रहा है। मंदिर को भी नुकसान होने का अंदेशा है। मवेशियो के सामने चारे-पानी का संकट है। ऐसे मे इन खदानों को तत्काल बंद करवा उक्त भूमि पुनः मवेशियों के लिये आरक्षित किया जाये। मौके पर मौजूद ठाकुर स्व. नारायण सिंह राजघराने के राघव प्रताप सिंह जो कि माताजी मिनरल्स के लीजधारक होने की जानकारी देते हुये टीम को अवगत करवाया कि उक्त भूमि कई वर्षो से यहां तक की रियासत काल से राजघराने की पुस्तैनी जमीन है। उक्त जमीन पर बनी उनके पुरखो की कोठी इसका प्रमाण है। ग्रेनाईट खदान आवंटन स्वीकृति से पूर्व रैवन्यू बोर्ड, खनन विभाग,पर्यावरण व पॉल्यूशन विभाग सहित स्थानीय प्रशासन की रिपोर्ट व स्वीकृति सहित एनओसी के बाद ही सभी दस्तावेजो व नियमो की पूर्ति करते हुये उक्त भूमि पर ग्रेनाईट खदान जो कि माताजी मिनरल्स के नाम से संचालित की जा रही है। चंद लोग झुठी शिकायते कर व्यवधान उत्पन्न कर रहै है। जांच टीम द्वारा शिकायतकर्ता संजू चांगल निवासी नागोर के अधिकृत प्रतिनिधियो व दूसरे पक्ष के साथ-साथ प्रशासनिक पक्ष के बयान ले मौका रिपोर्ट तैयार करने की जानकारी दी गई।

एनजीटी जांच टीम ने सभी पहलुओं पर बारीकी से निरीक्षण कर मौका रिपोर्ट तैयार की।

सार-समाचार

बेजुबान पक्षियों के लिए लगाये परिण्डे

टोंक, (निसं)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्म ऋतु में बेजुबान पक्षियों के लिए श्रीदादू पर्यावरण संस्थान रानीपुरा टोंक के द्वारा 51000 परिण्डों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। संस्थान के द्वारा डॉ.अम्बेडकर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय टोंक में पक्षियों के लिए 21 परिण्डे लगाऐ। इस अवसर पर डॉ.अंबेडकर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के निदेशक सुनिल बंसल, सह. निदेशक नवीन त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ. ऋतु बंसल, व्याख्तागण महेश कुमार शर्मा, देवेन्द्र सेन, शाहजेब खान, लाल बहादुर, ममता राठोड, रेखा शर्मा, महेन्द्र वर्मा तथा संस्थान के कार्यकर्ता दिलखुश मीणा ने बताया की संस्था पिछले 10-15 वर्षो से लगातार वन एवं वन्य जीवो की सुरक्षा करती आ रही है।

भूमिका व वंशिका ने किया नाम रोशन

सांभरझील, (निसं)। गुढा की रहने वाली दो छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड द्वारा 10वीं और 12वीं परीक्षा में परिणाम की घोषणा के बाद गत दो दिनों से गुढा में खुशी की लहर छाई हुई है। गुढा की दो बेटियों ने बोर्ड की परीक्षाओं में अव्वल आकर गांव का नाम रोशन किया है। दोनों छात्राएं एक ही परिवार की बेटियां हैं जिनकें घर पर बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ। सत्र 2024 की 12वीं बोर्ड परीक्षा अंग्रेजी माध्यम में भूमिका सैनी पुत्री रमेश चंद सैनी ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। दूसरी ओर सुभाष सैनी की बेटी वंशिका सैनी अपने माता पिता के साथ सूरत (गुजरात) में रहती है। वहीं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय 10 वीं कक्षा टॉप कर 92.6 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की। इन दोनों छात्राओं के कठिन परिश्रम की काफी सराहना हो रही है। आगामी दिनों में आयोजित वार्षिकोत्सव पर छात्राओं को विद्यालय की ओर से सम्मानित करने की घोषणा की गई है।

भूमिका सैनी व वंशिका सैनी

आयुर्वेद की उपयोगिता पर प्रकाश डाला

श्रीमाधोपुर, (निसं)। श्री आदर्श महिला बीएड कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय एसयूपीडब्ल्यू कैंप के दूसरे दिन विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई। शिविर प्रभारी डॉ बाबूलाल सैनी एवं अनीता शर्मा ने बताया कि प्रथम सत्र में सेवानिवृत्त वैद्य एवं संस्थान संरक्षक मूलचंद मिश्र द्वारा आयुर्वेद के इतिहास एवं वर्तमान परिपेक्ष्य में आयुर्वेद की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान छात्राध्यापिकाओं ने विभिन्न शारीरिक समस्याओं का आयुर्वेद द्वारा समाधान करवाया और अपने जीवन में आयुर्वेद को अधिक से अधिक अपनाने का संकल्प लिया गया। द्वितीय सत्र में आईटी विभाग सचिवालय जयपुर से पधारे आईटी विशेषज्ञ राधेश्याम सैनी द्वारा छात्राध्यापिकाओं को आईटी के इतिहास और वर्तमान में दिशा और दशा की विशेष जानकारी प्रदान की। महिलाओं ने वर्तमान समय में आईटी के बढते उपयोग को अपने जीवन में किस प्रकार और अधिक सहयोगी बन सकते हैं, के बारे में विस्तार से जानकारी ली। अंत में छात्राध्यापिकाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर दल प्रभारी प्रवक्ता सतीश कुमार तोमर, भागीरथ शर्मा, बहादुर सिंह महला, मुकेश शर्मा सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राध्यापिकाएं उपस्थित रही।

महेश सोनी की पुण्यतिथि पर गौसेवा की

खाटूश्यामजी, (निसं)। खाटूधाम पत्रकार संस्थान के महामंत्री विकास सोनी के पिता महेश कुमार सोनी की तृतीय पुण्यतिथि पर खाटूधाम पत्रकार संस्थान द्वारा दो मिनट का मौन रखकर स्व.सोनी को श्रद्धांजलि दी तथा कासिदा बाबडी स्थित गौशाला में गायों की सेवा की गई तथा गायों को गुड खिलाया गया। इस दौरान चंवर दास महाराज ने कहा कि गौ सेवा सच्ची सेवा है। पूर्व पार्षद व संस्थान के अध्यक्ष सीताराम मीणा ने कहा कि पुण्यतिथि पर गौ सेवा करना पुनीत कार्य है। ऐसे आयोजन से पुण्यात्मा को शांति मिलेगी। इससे पूर्व स्व.सोनी के परिजनों ने भी नम आंखों से पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। इस दौरान संस्थान के कोषाध्यक्ष बाबूलाल चौधरी, सदस्य विद्याधर शर्मा, सुशील सोनी, विजय सोनी, विष्णु सोनी, हिमांशु सोनी, भविष्य सोनी, हेयांश सोनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

हिंदी कार्यशाला का निरीक्षण किया

टोंक, (निसं)। दूनी उपखण्ड के मुख्यालय स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामराय मीणा ने दो दिवसीय विषय आधारित हिंदी कार्यशाला का निरीक्षण किया। दक्ष प्रशिक्षक अनिल नापित ने बताया कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीबीईओ मीणा ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 में शिक्षकों को विषय आधारित कार्ययोजना बनाकर जुलाई से पूर्ण ऊर्जा के साथ कार्य करने हेतु संबलन प्रदान करना है। शिक्षक सुरेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि कार्यशाला के निरीक्षण से पूर्व सीबीइओ मीणा ने पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य भंवरलाल कुम्हार के निर्देशन में चल रहे पीएम श्री विद्यालय का भी अवलोकन किया।

लंबित डीपीसी करने की मांग

श्रीमाधोपुर, (निसं)। राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ ने राज्य के मुख्यमंत्री,संस्कृत शिक्षामंत्री एवं मुख्य सचिव को स्मरण-पत्र प्रेषित कर सभी संवर्गो की 2023-24 तक लंबित डीपीसी पदोन्नितयां करवाने एवं रिक्त पदों के लिए नई भर्ती का विज्ञापन जारी करने की मांग की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ ने बताया की विभाग में लंबे समय से पदोन्नितयां नहीं हो रही है जिसको लेकर शिक्षकों में भारी आक्रोश है। वही रिक्त पदों के चलते लगातार नामांकन गिर रहा है। राज्य सरकार एवं विभाग को संगठन के बैनर तले प्रदेश भर से मार्च माह में इस सम्बंध में ज्ञापन दिए गए। लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं होने से स्मरण-पत्र भेज कर डीपीसी करने एवं विज्ञिप्त जारी करने का निवेदन किया गया है। अन्यथा की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। प्रदेश महामंत्री दयाल सिंह काजला ने बताया कि स्मरण-पत्र की प्रतियां संस्कृत शिक्षा सचिव एवं आयुक्त संस्कृत शिक्षा को मार्च में दिए गए ज्ञापन एवं समाचार पत्रों की प्रकाशित खबरें संलग्न कर भिजवाई गई है।

अवैध बजरी के 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

निवाई, (निसं)। दतवास थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के मामले में 4 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है व 2 जनों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हेमन्त जनागल ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान सोमवार की देर रात गांव किशोरपुरा में अवैध खनन कर परिवहन करते हुए बजरी के 4 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है व बजरी परिवहन मामले में चालक मनोज पुत्र रामजीलाल रैगर व महेन्द्र पुत्र मदनलाल रैगर दोनों निवासी गंगापुरा को गिरफ्तार किया है।

भागवत कथा का आयोजन

निवाई, (निसं)। श्री कुंज बिहारी आश्रम में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक पंडित सोनू महाराज ने बताया कि प्रत्येक मनुष्य को भागवत कथा को सुनना चाहिए। भगवान के बताए गए सिद्धांतों पर मनुष्य को चलना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य को धर्म के कार्य में आगे आना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य को एक दूसरे की मदद के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। भागवत कथा के दौरान कृष्ण भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भगवान की मनमोहक झांकी सजाई गई। भगवान के भजनों पर श्रद्धालु नाचते गाते रहे।